आकाशवाणी शिमला

12.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

भर्ती प्रक्रिया

प्रदेश में पशु मित्रों के चयन के लिए करवाई जा रही शारीरिक परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया और कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों को पशुपालन विभाग ने भ्रामक और तथ्यों से परे करार दिया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया पशु मित्र नीति 2025 के अनुसार की जा रही है जिसे बीते 14 अगस्त को अधिसूचित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस शारीरिक परीक्षा का उद्देश्य ये सुनिश्चित करना है कि चयनित अभ्यर्थी पशु चिकित्सा संस्थानों और पशुपालन फार्मों में अपने कार्य सही ढंग से निभा सकें।

भाजपा

भाजपा की राज्य स्तरीय बैठक आज सुंदरनगर में सांसद व मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की मौजूदगी में हुई। इस बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस दौरान विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने का काम किया है। इस दौरान विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस 10 चुनावी गारंटियों को लेकर सत्ता में आई थी लेकिन आज खुद ही इन गारंटियों से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि गलत प्राथमिकताओं, बढ़ते खर्च और कमजोर वित्तीय प्रबंधन ने प्रदेश को आर्थिक संकट में डाला है।

बिंदल

दूसरी ओर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्रीय बजट व्यापारी वर्ग के लिए राहत देने वाला है। वे आज मंडी ज़िले के नेरचौक में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की राज्य स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। बिंदल ने कहा कि बजट में टैक्स और अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाने, फेसलैस असैस्मेंट को मजबूत करने, रिफंड प्रक्रिया को तेज करने और रिटर्न संशोधन की समय सीमा बढ़ाने जैसे कदम व्यापारियों को बड़ी सुविधा प्रदान करेंगे। बैठक में व्यापार प्रकाष्ठ के विस्तार, व्यापारिक वर्ग के बीच सम्पर्क अभियान और बजट प्रावधानों को जमीनी स्तर पर पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया।

अनुराग ठाकुर

सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्रीय बजट को भारत की नारी शक्ति के विकास में महत्वपूर्ण बजट करार दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इस बजट में महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यम, सशक्तिकरण और विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को समर्पित योजनाओं के लिए बजट में एक हजार 14 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आबंटित की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की नारी शक्ति ने सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण की नई ऊंचाईयों को छुआ है।

खेल–कूद

खेल खेलो– नशा छोड़ो की थीम पर नाहन में आज 11 दिवसीय सिरमौर क्रिकेट कप शुरू हुआ। विधायक अजय सोलंकी ने प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर खिलाड़ियों और मौजूद लोगों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश देने के मकसद से ये प्रतियोगिता करवाई गई है, जो बेहद सराहनीय प्रयास है।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि बद्दी– बरोटीवाला –नालागढ़ फोरलेन परियोजना में हो रही देरी से क्षेत्र में उद्योग और आम लोगों पर विपरित असर पड़ रहा है। उन्होंने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाया और केंद्र सरकार से इस फोरलेन परियोजन की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। उन्होंने पिंजौर–बद्दी– नालागढ़ फोरलेन परियोजना का कार्य भी जल्द पूरा करवाने की मांग की है।

———————————